आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने आजादी के आंदोलन को ऊर्जा दी। इसका स्मरण करना गौरव की बात है। इस पर सामूहिक चर्चा सरकार की प्रतिबद्धता दिखाती है। इससे देश में राष्ट्र भावना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का संदेश जायेगा। सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अनुराग ठाकुर वंदे मातरम पर पक्ष रखे सकते है। वहीं विपक्ष की ओर से गौरव गोगोई, प्रियंका वाड्रा और अन्य नेता अपनी बात रख सकते है।

0000

यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत समिति का 20वां सत्र आज से नई दिल्ली में शुरू होगा। भारत पहली बार इस सत्र की मेजबानी कर रहा है। लालकिला परिसर में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता यूनेस्को में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा करेंगे। भारत ने इस साल यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची के लिए दीपावली पर्व को नामांकित किया है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस प्रस्ताव की पहले ही स्वतंत्र मूल्यांकन निकायों की ओर से समीक्षा की जा चुकी है और सरकार को इसके सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। इस छह दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने के लिए सदस्य देशों की ओर से प्रस्तुत नामांकनों की जाँच करना, मौजूदा धरोहरों की स्थिति की समीक्षा करना और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रदान करना है।

00000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों से सामाजिक न्याय की मूल भावना अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में मुद्रा योजना पर बोलते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि इस योजना ने नागरिकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। इससे 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए व्यापक काम किये है।

....

0000

सरकार ने एक वायरल ईमेल का खंडन किया है जिसमें ये दावा किया गया था कि सरकार ने नागरिकों से ई–पैन कार्ड डाउनलोड करने को कहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह ईमेल फ़र्ज़ी है। नागरिकों को ऐसे ईमेल, लिंक, कॉल और एसएमएस का जवाब नहीं देने की सलाह दी गई है।

0000

हनुमानगढ़ जिले में आज एक रोड़वेज बस के पलटने से तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 14 सवारियां घायल हो गई। इन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना संगरिया बायपास रोड पर मानकसर के पास हुई। पुलिस मौके पर पंहुचकर घटना के कारणों की जांच कर रही है।

0000

एक नए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में कई स्थानों पर कल हल्के बादल नजर आए। वहीं तापमान में बढोतरी दर्ज हुई है। इससे लोगों को तेज सर्दी से कुछ राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रदेश के सबसे सर्द स्थान पर बने हुए सीकर के फतेहपुर में बीती रात पारा 4 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसमें कल के मुकाबले लगभग 1 डिग्री की बढोतरी हुई है। नागौर में 5, लूणकरणसर में 5 दशमलव 1, दौसा और अलवर में न्यूनतम तापमान 6

दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार तापमान में अगले दो दिन मामूली बढोतरी होने के आसार है।

0000

माय भारत पोर्टल पर अब तक दो करोड़ से अधिक युवा पंजीकरण करवा चुके है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ये जानकारी आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान दी। उन्होंने कहा कि ये पोर्टल युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने के लिए मंच के रूप में बनाया गया है। इसके जरिये युवा, क्लबों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं।

0000